# प्रादेशिक समाचार
# 02.04.2025 (दोपहर–1455 बजे)

केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने आज लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पेश किया। सदन में इस पर चर्चा जारी है। श्री रिजिजू ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि इस विधेयक का मुसलमानों की धार्मिक प्रथाओं से कोई लेना–देना नहीं है। उन्होंने कहा कि यह केवल वक्फ बोर्डों से संबंधित संपत्तियों से जुड़ा है।

**********************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने चाईबासा के बाल सुधार गृह से बड़ी संख्या में बाल कैदियों के फरार होने की घटना को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने इसे सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर चूक बताते हुए कहा कि यह घटना दर्शाती है कि सरकार बाल सुधार गृह के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर रही है।

**********************

केंद्रीय युवा कार्य और खेल मंत्रालय की ओर से नयी दिल्ली में विकसित भारत युवा संसद का आयोजन किया जा रहा है। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में झारखंड से तीन छात्राएं भाग ले रही हैं। इनमें रांची की आयशा फातिमा, गिरिडीह से श्वेता कुमारी और धनबाद की रिया गुप्ता शामिल हैं। केंद्रीय युवा कार्य और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने आज युवा संसद को संबोधित करते हुए देश के युवाओं से राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ काम करने का आह्वान किया है।

**********************

रांची विश्वविद्यालय में पीजी कला, विज्ञान और वाणिज्य थर्ड सेमेस्टर की रेगुलर कोर्स परीक्षा आठ अप्रैल से शुरू होगी। विश्वविद्यालय से मिली जानकारी के अनुसार परीक्षा दोपहर एक से चार बजे तक आयोजित की जाएगी। इसी के साथ पीजी थर्ड सेमेस्टर वोकेशनल कोर्स की परीक्षा भी आठ अप्रैल से आयोजित की जाएगी। वहीं, यूजी कला, विज्ञान और वाणिज्य के रेगुलर और वोकेशनल कोर्स की परीक्षा सात अप्रैल से सात मई तक आयोजित की जाएंगी।

**********************

जमशेदपुर से पुलिस ने दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। वे किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने बताया कि अपराधियों के पास से हथियार भी बरामद किये गये हैं।

**********************

उधर, धनबाद के हाउसिंग कॉलोनी में बाइक सवार बदमाश एक महिला के गले से चेन छीनकर फरार हो गए। महिला अपने आवासीय हाउसिंग सोसाइटी में मॉर्निंग वॉक कर रही थीं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**********************

जमशेदपुर में रामनवमी को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। श्री बाल मंदिर में इस वर्ष रामनवमी का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

**********************

हॉकी इंडिया ने आगामी अंतर्राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिताओं के लिए सीनियर भारतीय महिला हॉकी टीम की 40 महिला हॉकी खिलाड़ियों का कोर ग्रुप बनाया है, इन 40 सदस्यीय कोर ग्रुप में झारखंड की आठ खिलाड़ी शामिल की गयी हैं। जिसमें सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, ब्यूटी डुंगडुंग, दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे, अंजना डुंगडुंग, निक्की प्रधान और अलबेला रानी टोप्पो हैं।

**********समाप्त**********